Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding alleged irregularities in recruitment of school teachers in Uttar Pradesh.

SHRI RITESH PANDEY: Thank you, hon. Chairperson. इस रविवार को उत्तर प्रदेश में 59 हज़ार टीचरों की भर्ती को ले कर वहां पर कुछ अभ्यार्थी अपना प्रदर्शन कर रहे थे । उनकी मुख्य मांगे ये थीं कि जिन 59 हज़ार टीचरों की भर्ती के लिए वर्ष 2019 में एग्ज़ाम करवाया गया था, उसके अंतर्गत कुछ अनियमित्ताएं पाई गई थीं, जिनमें ओबीसी को 27 पर्सेंट के बजाय मात्र 4 पर्सेंट रेज़र्वेशन मिलता था और एससी को 22 पर्सेंट की बजाय मात्र 16 पर्सेंट रेज़र्वेशन मिला था । इस पर कोर्ट ने भी आदेश किया हुआ है कि इनको भर्तियां दी जाएं । इसको ले कर एक शांतिपूर्ण कैंडल मार्च चल रहा था । उसके ऊपर पुलिस की बर्बरता से लाठीचार्ज हुआ, जिसका हमारी पार्टी ने घोर निंदा कर के विरोध किया है । मेरा आपके माध्यम से यह अनुरोध है कि उत्तर प्रदेश सरकार को निर्देशित किया जाए कि इन 59 हज़ार भर्तियों को पूरी तरह से भरा जाए और इसके अंदर रेज़र्वेशन की जो व्यवस्था है, उसको सुचारू रूप से, नियमित रूप से लागू किया जाए । आपके माध्यम से मेरा यह अनुरोध है । उसको ज़रूर करने का काम किया जाए । धन्यवाद ।